# संक्षिप्त समाचार

## कर्ण कायस्थ महासभा की बैठक सह स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित




**रांची :** कर्ण कायस्थ महासभा की बैठक सह स्नेह मिलन कार्यक्रम रांची के डोरंडा स्थित संत मैरी के सभागार में कर्ण कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश द्वारा किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक झारखंड राजकुमार मलिक थे। सम्मानित सदस्य के रूप में जितेंद्र कुमार सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, रविंद्र नारायण लाल सेवानिवृत महाप्रबंधक मेकन, केदारनाथ लाल दास, उद्योगपति सह समाजसेवी शशि भूषण कंठ,सांस्कृतिक परिषद रांची के महासचिव, ममता दास , सांस्कृतिक परिषद रांची महिला मंच की अध्यक्षा पुतुल सिंहा सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल रही। सबों को पुष्प गुच्छ , पाग और शाल देकर सम्मानित किया गया। सभा को मुख्य रूप से कर्ण कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश डॉक्टर अरविंद कुमार लाल, संरक्षक सदस्य और सांस्कृतिक परिषद रांची के अध्यक्ष अभय चौधरी, रविंद्र नारायण लाल, शशि भूषण कंठ और सुरेश मल्लिक ने संबोधित किया। अध्यक्ष अपने संबोधन में कर्ण कायस्थ के लोग इस संस्था से क्यों जुड़े इसे विस्तार में बताया। कार्यक्रम समापन के बाद सभा में उपस्थित महिला सदस्यों को चूड़ी ओर बिंदी देकर सम्मान दिया गया और पुरुषों को के-केएम प्रिंट का रुमाल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन निर्मल करण ने किया।

## सिल्ली में श्रीश्री कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाया गया




**सिल्ली :** सिल्ली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सिल्ली हाट बगान स्थित हरि मंदिर, धर्मशाला परिसर, बाउल डेरा, मंडप टोला आदि जगहों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। वहीं रूगड़ी टोला स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में देर शाम श्रीश्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में राधा कृष्ण का भव्य श्रृंगार, अभिषेक, पूजा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। महोत्सव में छोटे बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे छोटे बच्चे राधा रानी, बाल गोपाल के परिधान में शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं देर शाम आयोजित भजन प्रस्तुति से वातावरण को कृष्णमई कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। भजन कीर्तन में देर रात तक सराबोर रहे श्रद्धालु। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ठाकुर बाड़ी मंदिर समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## पीएमपीके वेल्थ ने मनाया एचडीएफसी मल्टी एसेट फंड की 20वीं वर्षगांठ




**रांची:** एचडीएफसी मल्टी एसेट फंड की 20वीं वर्षगांठ को सोमवार को पीएमपीके वेल्थ के बरियातू कार्यालय में केक कटिंग कर धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पीएमपीके वेल्थ के निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि इस योजना की 20 साल की सफल यात्रा निवेशकों के विश्वास और फंड की मजबूत रणनीति का प्रमाण है। निवेशकों के 4650 करोड़ के धन का प्रबंधन श्रीनिवासन राममूर्ति, अनिल बम्बोली, अरुण अग्रवाल और नंदिता मेनेजेस जैसे अनुभवी फण्ड मैनेजर्स कर रहे हैं। निदेशक देवेश जैन ने कहा कि जो निवेशक लम्बे समय से बैंक के फिक्स्ड डिपोसिट के माध्यम से अपने धन को संरक्षित कर रहे हैं वह इस योजना को चुन सकते हैं क्यूंकि यहां उन्हें कम जोखिम पर 2-4 प्रतिशत ज्यादा लाभ बनाने की संभावना रहती है। एचडीएफसी म्युचुअल फंड रांची के मुख्य शाखा प्रबंधक किशलय सौरभ ने बताया कि निवेशकों के जोखिम को कम रखने के लिए इस योजना में इक्विटी के साथ गोल्ड और फिक्स्ड इनकम सिक्योरिटी का मिश्रण किया गया है जिससे वोलैटिलिटी कम रहती है और निवेशक लम्बे समय तक इस योजना में टिके रह पाते हैं। पीएमपीके वेल्थ के शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार ने उपस्थित निवेशकों को बताया कि पिछले पांच वर्षों में इस योजना ने निवेशकों के पैसे को दुगना कर दिया है। धन्यवाद ज्ञापन स्वेता ने दिया।

## हिंदी दिवस पर 14 सितंबर को साहित्य भारती की संगोष्ठी




**रांची :** रांची जिला हिंदी साहित्य भारती कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक ईस्ट जेल रोड स्थित उड़ान आईएएस एकेडमी में संपन्न हुई। हिंदी साहित्य भारती के जिलाध्यक्ष बलराम पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी 27 जुलाई को पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी की समीक्षा की गई। साथ ही भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक निर्णय लिया गया कि 14 सितंबर राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई कवि और साहित्यकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में हिंदी साहित्य भारती को सुदृढ़ बनाने के लिए बृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर मिश्रा, ओमप्रकाश उपाध्याय, दीपेश निराला, नरेश बंका, अरुण अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी ने दी दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के पुंदाग में स्थित लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की तस्वीर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। मौक पर बिरादरी के सचिव रवि पराशर, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी शिक्षा मंत्री को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री का 15 अगस्त को 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### जन्माष्टमी के आयोजन की सफलता के लिए कृष्ण भक्तों का आभार : संजय सेठ

# पुरुष गोबिंदा में बजरंग दल, मांडर व नेशनल योगा को मिला प्रथम पुरस्कार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के तत्वाधान में नमो दही हांडी फोटो प्रतियोगिता में देर रात्रि तक पुरुष गोविंदा के पांच टीमों ने दही हाडी प्रतियोगिता में भाग लिया। 25 फीट पर लगाई गई हांडी को पांचो टीम के गोविंदा पहले राउंड में नहीं फोड़ पाए।

निर्णायक समिति के आदेश पर हांडी 20 फीट पर लगाई गयीं जहाँ पुनः पांचो प्रत्याशियों ने क्रमवार हिस्सा लिया । जिसमें बजरंग दल मांडर एवं नेशनल योगा टीम दोनों ने 18 सेकंड पर दही हांडी फोड़ी दोनों पुरुष गोबिंदा के बीच प्रथम पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही हिंदू महापरिवार ने 20 सेकंड में दही हांडी को फोड़ समिति से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में इनका रहा योगदानः- राज वर्मा, नीरज चौधरी ,बबलू चौधरी, मनोज तिवारी,ललन श्रीवास्तव, भीषम सिंह, संजय गोयल,नीरज कुमार, आनंद श्रीवास्तव,राजीव सहाय,प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा,संजय सिंह लल्लू, विजय यादव, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार। श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने आयोजन की सफलता के लिए रांची की समस्त जनता का आभार प्रकट किया है एवं उन्हें सरधुवा दिया है कि यह जो आयोजन हुआ आप सभी लोगों के सहयोग और समर्पण आयोजन की सफलता का



श्रेय रांची की जनता को जाता है जिन्होंने पूरे आयोजन में देशभक्ति में गीतों भजनों और रितिक नृत्य नाटिका सहित झांकियां का अवलोकन कर आनंद उठाया है उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पानी, चाय, बिस्कुट का वितरण कार्यक्रम स्थल पर सेवा शिविर लगाए जाने पर आभार प्रगट किया। मारवाड़ी युवा मंच, द्वारा एंबुलेंस की सुविधा दी गई थी। जिला प्रशासन,स्थानीय थाना एवम नगर निगम का भी भरपूर सहयोग आयोजन समिति को प्राप्त हुआ।

लोगो ने हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में शामिल पुरुष गोविंदा एवम महिला गोविंदा की टीमों को हांडी फोड़ने के क्रम में उनका उत्साह बढ़ाया उन्हें प्रोत्साहित किया उनका भी आभार।

आयोजन की सफलता में समिति के 110 से भी ज्यादा सदस्यों ने काफी दिनों से दिन रात लगकर आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग किया आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा सहयोग संरक्षक संजय सेठ,सी पी सिंह,अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा,रविन्द्र मोदी, रमेन्द्र कुमार, राम बांगड़, कुणाल आजमानी , मिडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल,ऐश्वर्य सेठ ,राज वर्मा,ललन श्रीवास्तव,मनोज तिवारी,भीषम सिंह,नीरज चौधरी, बबलू चौधरी, सतीश सिंहा, राजीव सहाय, पवन बजाज, नीरज कुमार,ललित ओझा,विपिन वर्मा, सतेंद्र सिंह गुड्डू, शंकर दुबे,आनंद श्रीवास्तव ,वीरेन्द्र जी, मनोज कुमार, बबलू चौधरी ,संतोष सेठ,रमाशंकर बगड़िया, संजय सिंह लल्लू,जुगल दरगढ़ ,कवल जीत सिंह सटी, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, अमित चौधरी, रतन अग्रवाल,पूनम आनंद, सुनीता चौधरी,नीतू सिंह, कुमुद झा,राज श्री प्रसाद,राजू रजक, राहुल कुमार चंकी, संजय गोयल, संजीव साहू, विजय यादव,बीरेंद्र प्रसाद सहित काफी संख्या में सदस्यों का सहयोग रहा।

## रांची के 2128 स्कूलों में दिवंगत रामदास सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन को लेकर रांची के 2128 सरकारी और सरकारी अनुदानित विद्यालयों में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शोक व्यक्त किया गया और सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखा गया।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रामदास सोरेन के जीवन, उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को उनके उल्लेखनीय कार्यों, विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता सुधार के लिए उनके प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रांची जिला के उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा कि रामदास सोरेन का निधन न केवल झारखंड की राजनीति और शिक्षा जगत के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रांची जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग रामदास सोरेन के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो। उनकी प्रेरणा और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हम सभी को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

श्रद्धांजलि सभा में 2.5 लाख छात्र-छात्राओं और 10 हजार शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सभी ने दिवंगत रामदास सोरेन के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को याद किया।

### आईएएस वाइव्स एसोसिएशन बेड़ो में खोलेगा पुस्तकालय

**बेड़ोः** आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के प्रयासों से बेड़ो प्रखंड में आम लोगों के लिए सुविधायुक्त उच्च स्तरीय प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी. जिसका उद्घाटन 09 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे. इसी प्रयोजन के निमित्त आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रीति और निक्की टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को पुस्तकालय के लिए बेड़ो के पुराने प्रखंड कार्यालय भवन में जगह का चयन किया. इस मौके पर उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल सिर्फ जगह का चयन हो रहा है. इसके पश्चात इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा. पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने की सुविधा भी मिलेगी.

## न्यायालय के फैसले से बाबूलाल को मिला करारा जबाव : झामुमो

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका उच्चतम न्यायालय से खारिज होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विपक्ष की आलोचना की है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला भाजपा और बाबूलाल मरांडी दोनों के लिए करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय ने साफ कर दिया है कि हेमंत सोरेन सरकार ने पूरी तरह नियमों के तहत डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति की है। लेकिन बाबूलाल मरांडी ने जानबूझकर झामुमो सरकार को बदनाम करने की साजिश रची थी। उन?होंने कहा कि भाजपा और बाबूलाल मरांडी की ओर से लगाए गए सारे आरोप पूरी तरह झूठे और भ्रामक थे।

पांडेय ने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी रचनात्मक राजनीति करने की होती है, लेकिन भाजपा लगातार नकारात्मक राजनीति और षड्यंत्र में लिप्त है। बाबूलाल मरांडी ने जनता और अदालत का समय बर्बाद कर अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश की, पर उच्चतम न्यायालय कोर्ट का फैसला उनके लिए आइना साबित हुआ। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है। भाजपा को चाहिए कि इन योजनाओं को कमजोर करने के बजाय सरकार के साथ सहयोग करे, ताकि झारखंड की जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## 22 अगस्त से शुरू होगी रांची सेना भर्ती रैली, युवाओं के लिए तैयारी और महत्वपूर्ण निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड राज्य के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर सामने आया है. वर्ष 2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक राँची में आयोजित की जाएगी. इसी को लेकर आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में एक अहम बैठक आयोजित हुई. बैठक में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, डायरेक्टर राँची कर्नल विकास भोला, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुधेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान रैली स्थल पर होने वाली तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई. कर्नल विकास भोला ने कहा कि राँची जिले के युवाओं को सेना में अधिक से अधिक शामिल करना हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि रैली स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएं, जिनमें विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, 1.6 किमी रन एरिया की सुरक्षा, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और विश्राम क्षेत्र की व्यवस्था प्रमुख हैं. उपायुक्त श्री भजन्त्री ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा.कर्नल भोला ने युवाओं से खास अपील करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें किसी भी प्रकार का अनुचित प्रभाव नहीं चलता. उन्होंने युवाओं को दलालों से सावधान रहने की सख्त सलाह दी. उनके अनुसार, ह्लयदि कोई उम्मीदवार अर्हता पूरी नहीं करता है, तो उसे किसी भी हालत में चयनित नहीं किया जाएगा. ऐसे में दलालों के झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है.

सेना भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन और सेना अधिकारियों ने मिलकर एक ठोस कार्ययोजना बनाई है, ताकि किसी भी उम्मीदवार को किसी तरह की असुविधा न हो. रैली स्थल पर सुबह 4 बजे से मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय रहेगी. इस भर्ती रैली से झारखण्ड के युवाओं को न केवल रोजगार का अवसर मिलेगा बल्कि देश सेवा का सपना भी पूरा होगा.

### रांची में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का बंटा प्रसाद

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की ओर से सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के पास सोमवार को आमजनों के बीच दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के प्रसाद का पैकेट का वितरित किया गया। झामुमो रांची के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि गुरूजी पूरा जीवन संघर्ष और समाज की सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष हमारे लिए अनुकरणीय है, जो हमसबों के लिए जीवनभर प्रेरणा देता रहेगा। उसी भावना के साथ श्राद्धकर्म का प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

प्रसाद वितरण कार्यक्रम में झामुमो के कई केंद्रीय और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा और पवन जेडीया, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ. हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, बीरू तिर्की, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा, समनूर मंसूरी और अंतू तिर्की सहित अन्य शामिल थे।

### बुर्का पहन कर घूम रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची के अलबर्ट एक्का चौक से बुर्का पहन कर घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संदिग्ध गतिविधि देखकर शक होने पर यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में सोमवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि गुगरत परवीन नाम की महिला ने बीते 17 अगस्त की रात में अल्बर्ट एक्का चौक के समीप एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में काफी तेजी से जाते देखा। उसके चाल को देख कर महिला को शक हुआ तो, उसने वहां तैनात पुलिस कर्मी को इस घटना की जानकारी दी। महिला ने बताया कि बुर्का पहने एक मर्द जा रहा है। इसके बाद वहां तैनात पुलिसकर्मी ने मामले की सूचना डीएसपी को दी। डीएसपी ने तुरंत पुलिस को भेज कर बुर्का पहने व्यक्ति को पकड़ने को कहा। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम प्रमोद सोनी है। वह किशोरगंज के चुन्ना भट्ठा का रहने वाला है। इसे कोतवाली थाना लाया गया। वहां पर जन्माष्टमी का भव्य क्रार्यक्रम चल रहा था और कोई अप्रिय घटना के मद्देनजर यह कार्रवाई की गयी।

### पीएलएफआइ के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के चार सक्रिय उग्रवादियों को रविवार को रनिया थाना क्षेत्र कें जिबिलोंग टोंगरी से गिरफ्तार कर लिया।

## शपथ-पत्र

मैं सरिता देवी, पति- स्व. गौतम नायक, उम्र 34 वर्ष, पेशा- गृहणी, निवासी ग्राम - गोला, पोस्ट - गोला, थाना - गोला, जिला - रामगढ़ (झारखंड) यह सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम LUCKY NAYAK है, जो उसके जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन संख्या 30/13 एवं मैट्रिक मार्कशीट में दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 7354 0502 3831 में गलती से LAKKI KUMAR दर्ज हो गया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम LUCKY NAYAK है।

**शपथ पत्र संख्या : 5010, दिनांक 13.8.2025**

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 223 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे उषा देवी शर्मा द्वारा अपने पति स्व० सुरेश शर्मा एवं अपने पुत्र स्व० पुनीत शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के



महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू चना सब्जी, जीरा राइस चिप्स,आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायको द्वारा कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 20 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आज मंदिर में रांची के अलावे झारखंड के कई जिलों से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मंदिर का दर्शन किए। तथा श्रद्धालुगण भव्य आकर्षक एवं अनूठा मंदिर को देखकर मंत्र मुग्ध होकर उत्साहित हो रहे थे।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल,मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, मनीष सोनी, संतोष देवी अग्रवाल,विधा देवी अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

CCL
Fuelling Sustainable Growth

"एक मिनीरत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और सूचनाओं के बावजूद, बैंक से उनके द्वारा लिए गए स्वर्ण ऋण/ऋणों का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास जमानत के रूप में रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार, उस शाखा परिसर में, जहाँ से ऋण लिया गया था, सुबह 11:00 बजे नीलामी का समय निर्धारित किया गया है। उधारकर्ता, खाताधारक और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की तिथि 28-08-2025 @ 11:00 पूर्वाह्न है।**

| क्रम सं | शाखा | खाता नंबर | एक्ट धारक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | माजीवाड़ा ठाणे | 103742514914 | सैयद ए शाहिद |

बैंक किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।